Lanka crisis, the Prime Minister should come and make a statement on this matter in the House. This is our request to the Minister of Parliamentary Affairs.

SHRI BUTA SINGH : I have already said that I will convey the suggestion made.

SHRI INDRAJIT GUPTA : The Minister of External Affairs is sitting here. Why can't he stand up and say something about it ?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P.V. NARASIMHA RAO) : Sir, the essence of all this is that the hon. Members want a statement to be made before we adjourn for the week-end. This we shall convey to the Prime Minister. The talks are going on. I have already submitted to the House that from time to time I shall be informing the House or the Prime Minister would be informing the House. But the choice of that moment will have to be left to her. They have made a request and that request will be conveyed.

PROF. MADHU DANDAVATE : We had to shout for this. In this way, I think, those who shout will suffer from cancer of throat and those who listen will suffer from cancer of ear.

अध्यक्ष महोदय : फिर मेरा क्या हाल होगा ?

डा० सुब्रह्मणयम स्वामी : आपको दोनों होंगे ।......(व्यवधान)

श्री सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : बेरोजगारी की समस्या को लेकर आज यहां पर प्रदर्शन हो रहा है......(व्यवधान)

श्री अब्दुल रशीद काबुली (श्रीनगर) : परसों जब हमारे चीफ मिनिस्टन पुर्ण में थे, तो उन के जलसे में पायजनस स्नेक्स फेंके गये और उन की जिन्दगी को खतरे में डाला गया ......(व्यवधान)

شری عبدالرشید کابلی (سری نگر)

پرسوں جب ہمارے چیف منسٹر پونہ میں تھے تو ان کے جلسے میں پوائزنس اسنیک پھینکے گئے اور ان کی زندگی کو خطرے میں ڈالا گیا۔ . . . .

- - - (انٹرپشن) - - - -

MR. SPEAKER : Irrelevant; not allowed.

---

12.25 hrs.

## SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (RAILWAYS), 1983-84

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI A.B.A. GHANI KHAN CHAUDHURI) : Sir, I beg to present a statement (Hindi and English versions) showing Supplementary Demands for Grants in respect of the Budget (Railways) for 1983-84).

---

12.26 hrs.

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### Reported proposal of the US Government to supply sophisticated Harpoon missiles and Vulcan air defence system to Pakistan

DR. KRUPASINDHU BHOI (Sambalpur) : Sir. I call the attention of the Minister of External Affairs to the following matter of urgent public importance and I request that he may make a statement thereon :

"The situation arising out of the reported proposal of the U.S. Government to supply the sophisticated Harpoon missiles and Vulean air defence system to Pakistan and the action taken by Government in regard thereto."

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P.V. NARASIMHA RAO) : Mr. Speaker Sir, on 27th July 1983, the Ministry of External Affairs conveyed the Government of India's strong concern about the supply of Harpoon missiles to the US Government through their Embassy in New Delhi. The Indian Ambassador in

Washington has reiterated India's deep concern with the US Government on 2nd August 1983.

It is well-known that the US Administration has cited the situation in and around Afghanistan as a pretext for supplying arms to Pakistan. While we have never agreed with this contention, it is still more untenable in the case of supply of Harpoon missiles, since the situation in Afghanistan is totally unconnected with this supply. The Government of India's stand continues to be that there is no justification for supplying such patently offensive missile systems to Pakistan.

This would represent the introduction of a new level of sophistication in armaments in our region in the area of naval warfare where such arms escalation has hitherto been relatively limited. It could thus needlessly precipitate a new arms race in the region.

The continuing Indian concern over the supply of US arms to Pakistan was reiterated during the recent visit of Secretary of State Shultz. U.S. actions in this regard would have a destabilising effect on this region and would run counter to professed U.S. aims towards this region. We hope that the U.S. Government will give the most careful thought to the matter before taking such a step.

DR. KRUPASINDHU BHOI: Sir, This is a matter of very great concern to our country's security and, at the same time, to our region It is a paradox that while Pakistan is advocating a no-war-pact with India and India is in favour of establishing friendly relations with Pakistan, still, Pakistan is engaged in the acquisition of sophisticated weapons like Harpoon missiles, F-16 and Vulcan aircraft. It is not conducive to establishing congenial relations in this region. The Hon. Minister has not replied to this point.

I am not going into the details. In his last speech, the Hon. Minister has categorically answered a few questions which arore in the debate and said that he had been taking up this matter on appropriate forums and that the friendship treaty which we proposed and the no war-pact which Pakistan proposed are both under consideration and that even though the elements in both the no-war pact and in the friendship treaty are the same and common, some differences cropped up which were not found acceptable to Pakistan and that he had discussions two or three times in the Joint Commission.

I would like to know on what dates the discussions were held in the Joint Commission, what is the Agenda of those discussions in the Joint Commission and on what matters Pakistan is not agreeable.

The Hon. Minister had also said that even though there was no unanimity on matters of trade and cultural relations, still, Pakistan is reluctant to come to an agreement.

I would like to know what are the reasons for having no unanimity on these matters and on the no-war-pact and on friendship treaty which were discussed in the subsequent Joint Commission.

The designs of USA are to create destabilisation in our sub-continent. These are confirmed by their supply of Harpoon missiles and Vulcan Aircraft to Pakistan. From whatever piecemeal information we get from the press and other sources, we gather that USA had supplied 40 F16 aircraft to Pakistan costing about 1.1 billion dollars. They are going to supply another F.16, Harpoon missiles and Vulcan aircraft. Again a new development has taken place that they are going to arm Pakistan with the tanks. That means, all the three Army, Navy and Air Force of Pakistan will be supplied with sophisticated weapons by Americans.

I want to know whether the Minister has got any information that the plain planned plot of destabilisation engineered by the USA has got any bearing with this. To all the three forces they are supplying sophisticated weapons. We are getting only piecemeal information. I want to know whether the Ministry has got any detailed knowledge or intelligence as to what is the motive of the U.S. in arming Pakistan in this manner. Is it not part of the plan of desta-

bilisation of the Indian Sub-Continent ? For example, in Sri Lanka they are negotiating ; the Foreign Minister of Sri Lanka had gone to London and we do not know what they are discussing, whether they are taking their help ; then Diego Garcia ; during the Pakistan war in 1971 the U.S. sent their Seventh Naval Fleet. Like that, they want to destabilise this Sub-Continent and they want to deflate our foreign policy by arming our neighbours to the teeth. I want to know whether the Ministry has got information on this or not. In the last three wars, Pakistan was armed by the USA ; and now also General Zia-ul-Haq is creating a war psychosis in the mind of the democratic and peace-loving people of Pakistan so that he can divert the mind of the people of Pakistan and force a war on India.

About Harpoon missile, it is a very dangerous thing because in the press it has been reported that the Pakistan Government has asked for three types of Harpoon missiles. It is reported that one Harpoon missile can destroy all our coastal installations, petro-chemical complex, the Bhabha Atomic Research Centre, the Sagar Samrat and the INS Vikrant ; one Harpoon missile is sufficient to cause damage to all these installations which means deterioration in our economic condition. I also want to know whether the Vulcan aircraft is superior to our Mirage-2000 or not. The hon. Minister has replied that he has proterted to the U.S. Administration. I want to know what is the concrete outcome of this.

Another new development that has taken place is inclusion of Dr. Kissinger in the Central American Advisory Board. But the attitude of Dr. Kissinger, which is anti-Indian, is well known to our country.

I want to know whether the inclusion of Dr. Kissinger in the Central American Advisory Board and at the same time supply of sophisticated weapons to Pakistan have got any bearing, whether this aspect has been investigated or not.

I hope the Minister will give a definite reply as to what are the definite steps that are being taken for our defence preparedness and at the same time what is the action contemplated at the political level, in which forum we are going to take up the matter and what are our proposals for future.

Apart from the missiles and the Vulcan aircraft, they are also going to supply sophisticated weapons to be fitted to tanks so that they are very superior to our T-72 tanks.

I would like to have the details of what steps we are taking at the political level, whether in any international forum or bilaterally, so that we can divert the U.S. Administration from their proposed evil designs.

SHRI P.V. NARASIMHA RAO : I have confined my statement strictly to the subject-matter of the missiles in so far as it concerns the Ministry of External Affairs.

The hon. Member has asked for many technical details. I would be in no position to give them.

The Defence Minister has actually answered a question on this very subject on the 5th of August. He has categorically stated and if I may quote him—he is sitting by my side—he has categorically stated :

> "We will certainly try to match with whatever weapons are necessary to meet this threat."

That sums up the whole thing.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North East) : He has asked another important question—whether you have any strategy.

SHRI P.V. NARASIMHA RAO : It would be very difficult for any Minister to lay on the Table of the House information of this kind. I am sure the Defence Ministry is in the know of the things...(*Interruptions*). But it is a matter for the Defence Minister to decide.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : This is master evasion.

SHRI P.V. NARASIMHA RAO : All the other matters are not really germane to the subject of the call attention.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Shri Zainul Basher.

I would request the Hon. Members to stick to the subject of the call attention notice. Other matters you have heard from the External Affairs Minister. For any other information you may want, you can meet the Minister.

**श्री जैनुल बशर** (गाजीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, पाकिस्तान के साथ दो लड़ाइयाँ लड़ी जा चुकी हैं। उसके बड़े तवाकुन नतीजे निकले हैं। इन लड़ाइयों की सबसे बड़ी वजह यही रही है कि अमेरीका, चीन या दूसरे जरीये से पाकिस्तान को जरूरत से ज्यादा हथियार दिए जाते रहे हैं और इन हथियारों का इस्तेमाल, जैसा कि तजुर्बा बताता है, बराबर इस देश के खिलाफ किया गया।

शिमला समझौते के बाद यह उम्मीद पैदा हो गई थी कि शायद अब इस सब-कांटीनेंट में हथियारों की होड़ खत्म हो जायेगी और आगे आने वाले जमाने में पाकिस्तान के साथ इस मुल्क को लड़ाई नहीं लड़नी पड़ेगी, लेकिन इधर लगभग 1 साल से अखबारात में जो खबरें आ रही हैं, उनसे डर लग रहा है।

पहले एफ-16 एयर-क्राफ्ट पाकिस्तान को दिये जाने की खबर आई। फ्रांस से मिराज एयर-क्राफ्ट पाकिस्तान को दिए जाने की खबर आई। उस वक्त भी हमारी गवर्नमेंट ने प्रोटेस्ट किया, पाकिस्तान के साथ भी और अमेरिका के साथ भी प्रोटेस्ट किया। अब खबरें आ रही हैं हारपून मिजाइल्स की।

अभी तक ये हथियार एयर-क्राफ्ट हवाई फौज के दायरे में थे, लेकिन अब नेवी के दायरे में भी हथियारों की होड़ शुरू होने का खतरा हो गया है।

हारपून मिजाइल्स, जैसा कि खबरों में पढ़ा है, बहुत ही खतरनाक हैं। 90 किलोमीटर की दूरी तक इसकी मार है और हमारे मुल्क में जितने भी अहम ठिकाने हैं, वे इसके निशाने की जद में आ सकते हैं जैसे कि बताया गया सागर सम्राट, बम्बई हाई में भाभा इंस्टीट्यूट, हमारा एयरक्राफ्ट विक्रान्त, सब इसके निशाने पर चढ़ सकते हैं।

ये हारपून मिजाइल्स पनडुब्बियों से भी भेजे जा सकते हैं, जमीन में भी इसकी मार हो सकती है और एयरक्राफ्ट से भी इसकी मार हो सकती है। आज हमारे मुल्क के लोगों के मन में यह शंका पैदा होना कुदरती है कि शायद हम उस तरफ वापस आ रहे हैं जब कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के मध्य में कभी भी कुछ हो सकता है। इस बारे में सारे मुल्क के लोगों को चिन्ता है और उस चिन्ता को हम यहां व्यक्त करना चाहते हैं।

हमारा पिछला तजुर्बा बताता है कि जब पाकिस्तान में मिलिटरी हुकूमत या मिलिटरी डिक्टेटर अपने को कमजोर पाते रहे हैं, जब जब उनके तख्त को पाकिस्तान के अवाम से खतरा पैदा होता रहा है, तब तब उन्होंने हथियारों का बन्दोबस्त किया है और उन्हें हिन्दुस्तान के खिलाफ इस्तेमाल किया है। 1965 की जंग हमको याद है, जब अयूबखां का तख्त हिल रहा था। 1971 भी हमको याद है, जब यह्यिाखां का तख्त हिल रहा था। पाकिस्तान से जो रिपोर्टें आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि जेनरल जिया-उल-हक का तख्त हिल रहा है, पाकिस्तान के अवाम अब मिलिटरी डिक्टेटरशिप से ऊब चुके हैं और पाकिस्तान में जम्हूरियत को वापस लाने की जद्दो-जहद शुरू हो गई है।

हथियारों की इकट्ठा करने के वर्तमान प्रयत्नों को पाकिस्तान में हो रही इन घटनाओं के साथ जोड़ा जा सकता है। कहीं तारीख अपने को दोहरा तो नहीं रही है? कहीं पाकिस्तान के मिलिटरी डिक्टेटर 1965 और 1971 को दोहराने की बात तो नहीं सोच रहे हैं? एक्सटर्नल एफेयर्ज मिनिस्टर और फारेन आफिस की

इसकी पूरी तहकीकात करनी चाहिए । मुझे शक और डर है कि पाकिस्तान के शासक शायद यही करने जा रहे हैं । कोई भी मिलिटरी हुकूमत ऐसा करने में कैपेबल है ।

पाकिस्तान के जो लोग यहां आते हैं, उनसे अक्सर मेरी बात होती रहती है । पाकिस्तान अभी तक 1971 की ह्यूमिलिएशन को नहीं भूला है और वहां की मिलिटरी शायद पाकिस्तान के अवाम को दिखाना चाहती है कि जेनरल जिया-उल-हक ऐसा आदमी है, जो पाकिस्तान की पिछली हार का बदला ले सकता है । यह बात भी पाकिस्तान में फैलाई जा रही है और इसके नाम पर हथियार जमा किए जा रहे हैं । यह खदशा जरूर है कि पाकिस्तान आने वाले कुछ ही दिनों में शायद हिन्दुस्तान के साथ फिर ताकत-आजमाई की हिम्मत कर सकता है । यह बहुत खतरनाक बात है । मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी गवर्नमेंट पाकिस्तान की तरफ से किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है । लेकिन मैं एक्सटर्नल एफ़ेयर्ज मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि वह कोशिश करें कि इसकी नौबत ही न आए । जहां तक मुमकिन हो, वह डिप्लोमेटिक चैनल्ज से अमरीका पर दबाव डालें कि अमरीका पाकिस्तान को वे हथियार न दे, जो हिन्दुस्तान के खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं ।

पाकिस्तान कहता है कि उसे अफगानिस्तान और रूस की तरफ से खतरा है, रूस की फौजें अफगानिस्तान में आ गई हैं, तो वे पाकिस्तान में भी आ सकती हैं । यह बिल्कुल फिलम्जी ग्राउंड है । अफगानिस्तान में नेवी की लड़ाई नहीं होगी । न ही पाकिस्तान ब्लैक सी में जा कर रूस से लड़ेगा । वह इतना ताकतवर नहीं हो सकता कि किसी मोर्चे पर किसी हथियार से रूस का मुकाबला कर सके । रूस की फौजें पाकिस्तान में तभी आ सकती हैं, जब कोई कम्युनिस्ट जेनरल पाकिस्तान में मिलिटरी डिक्टेटर बन जाए, वर्ना किसी दूसरे तरीके से रूस की फौज पाकिस्तान में नहीं आ सकती । इस लिए पाकिस्तान का यह कहना बिल्कुल गलत और बेबुनियाद है कि वह अफगानिस्तान या रूस से निपटने के लिए ये हथियार ले रहा है । कोई भी समझदार आदमी इस बात पर यकीन करने के लिए तैयार नहीं है । जितने भी हथियार आ रहे हैं, वे सब हिन्दुस्तान के खिलाफ आ रहे हैं । उनके दिलों में हिन्दुस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ने की भावना है, शायद इसी वजह से वे ये सब तैयारियां कर रहे हैं ।

अब मैं कुछ सवालात वजीरे खारजा से पूछना चाहता हूं । अभी अमरीका के सेक्रेटरी आफ स्टेट यहां आए थे । स्टेटमेन्ट में यह भी बताया गया है कि उनसे भी बात-चीत हुई थी लेकिन यह नहीं बताया गया कि उनका क्या रिएक्शन था, क्या उनसे बात-चीत हुई और उन्होंने इस बारे में क्या कहा । एक तो मैं यह बात जानना चाहता हूं ।

दूसरी बात यह है कि पाकिस्तान के वजीरे खारजा भी अभी हाल में नयी दिल्ली आए थे । मैं समझता हूं हमारे वजीरे खारजा साहब ने उनसे भी बात-चीत की होगी । क्या उनसे बात-चीत हुई, उन्होंने क्या कहा और इस मामले में आगे क्या प्रगति हुई—यह भी मैं एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्टर साहब से जानना चाहता हूं ।

अभी जो स्टेटमेन्ट दिया गया है उसमें वल्कन एअर डिफेंस सिस्टम के बारे में कोई बात नहीं कही गई है । इस बारे में हमारे फारेन मिनिस्टर साहब का क्या रिएक्शन है—यह भी मैं जानना चाहता हूं ।

एक बात और भी मैं जानना चाहूंगा । क्या वजीरे खारजा साहब कोई ऐसा तरीका अपनाने जा रहे हैं जिससे कि पाकिस्तान की मिलिटरी हुकूमत की जो नीयत है, उसके बारे में दूसरे मुल्कों को आगाह किया जा सके । जो मुल्क हमारे दोस्त हैं और पाकिस्तान के भी दोस्त हैं,

कामन फ्रेंड हैं, जो नान-एलाइन्ड फोरम है या जो दूसरे फोरम हैं, उनको भी आम पाकिस्तान की इस नीयत के बारे में आगाह करने जा रहे हैं या डिप्लोमेटिक तरीके से पब्लिक रिलेशंस का जो तरीका है, उसी को आप अपनाने जा रहे हैं ? सबसे बड़ी बात तो यह है कि पाकिस्तान के लोगों को भी बताना चाहिए कि तुम्हारे मिलिटरी डिक्टेटर जो हैं, वह अपनी कुर्सी बचाने के लिए हमसे लड़ाई चाहते हैं। पाकिस्तान के लोगों में भी एतमाद में लेना चाहिए। बदकिस्मती की बात यह है कि हमारी सरकार जिया-उल-हक को बहुत पब्लिसिटी देती है, उनके सामने दोस्ताने का हाथ बढ़ाती है लेकिन पाकिस्तान में जो डिमोक्रैटिक मूवमेन्ट चल रहा है, जो जम्हूरियत कायम करने की बात चल रही है, पाकिस्तान के अवाम में जम्हूरियत कायम करने की जो भावना है, उससे अपने को नहीं सटा रही है। हमारे अवाम की हमदर्दी उनके साथ है लेकिन हमारी सरकार की हमदर्दी उन तक नहीं पहुंच रही है। इस मामले में हमारे वजीरे खारजा क्या करने जा रहे हैं ?

**श्री पी० वी० नरसिंह राव** : उपाध्यक्ष महोदय, आम तौर पर मैं कई बार इस सवाल का जवाब दे चुका हूं। कई बार हमने इस बात को उठाया है। इन शुवहात पर कई बार हमने पाकिस्तान और अमरीका, दोनों के नेताओं के साथ चर्चा की है और इस सदन में भी कई बार मैं इसके बारे में जवाब दे चुका हूं। जब कभी हम यह सवाल उठाते हैं तो अमरीका की तरफ से यह जवाब आता है कि हम जो हथियार पाकिस्तान को दे रहे हैं, हमारा यह मकसद नहीं है कि उन हथियारों का प्रयोग भारत पर हो। हम उनसे कहते हैं कि अब तक यह हुआ है, हमारा तजुर्बा यह रहा है, हमारा अनुभव रहा है और इसके बावजूद आप हथियार देते चले जा रहे हैं, हम जानते हैं हम पर ही इनका प्रयोग होगा, किसी और देश पर इनका प्रयोग हो नहीं सकता। यह बात कई बार हम उनसे स्पष्ट रूप से कह चुके हैं लेकिन जवाब वही आता है जिससे हमें संतोष नहीं होता और हम उनसे कह भी चुके हैं कि इस जवाब से किसी को संतोष नहीं होता, विशेषकर भारत को तो हो ही नहीं सकता।

अब रही बात हमारे अगले कार्यक्रम की कि हमें क्या करना चाहिए—इसका जवाब हमारे रक्षा मंत्री दे चुके हैं। अब यह जवाब उनके पास है, मैं तो इतना ही कह सकता हूं कि जहां तक हो सके हम इस बात की कोशिश करते हैं इस तरह की हथियारों की सप्लाई, आधुनिकतम हथियारों की सप्लाई होने न दें। लेकिन हमारी कोशिश कामयाब नहीं होती। इसके बावजूद हम उनसे कहते हैं, वे हथियार दिए जा रहे हैं। मैं इतना ही कहूंगा कि एक तरफ हम उनसे कहते जायें, जहां तक हो सके हथियारों की सप्लाई को कम कराने की कोशिश करते जायें और दूसरी तरफ हमारी जो अपनी तैयारी है, उसमें कमी न करें। क्योंकि जब हमारी बात मानी नहीं जाती, तो हमें अपनी तैयारी में सावधान रहना पड़ता है। मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं; जैसा कि रक्षा मंत्री जी ने कहा है कि उस मामले में भी हम सावधान हैं।

**श्री मनीराम बागड़ी** (हिसार) : उपाध्यक्ष महोदय, यह सवाल रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से मिला हुआ है। वैसे यह राष्ट्र का सवाल है, इसमें किसी का दोष नहीं है। शायद इसी लिए कुछ कहा जाता हो कि कुछ कहा जाए। जब चीन का हमला भारत पर हुआ, तो अमरीका की मदद ली गई और शायद हिमालय के पर्वत पर अब भी मशीन आपके जल को दूषित करने की लगी हो। जब रूस से कहा गया, जो कहता था कि आवाज दो हम तुम्हारे साथ हैं। जवाब मिला था कि तुम दोस्त हो और वह हमारा भाई है। राजनीति को समझने के लिए आज से दो हजार साल पहले चाणक्य कह चुके हैं कि जो राजा यह कहे कि

मैं धोखा खा गया, वह मेरा मित्र है। इस पर विश्वास कर के या वह मेरा दुश्मन है, इस पर विश्वास करके जो आदमी धोखा खा जाए या हार जाए या उस राष्ट्र के अन्दर क्षति पहुंचायें, उस राजा को राज करने का अधिकार नहीं है।

मैं विदेश मंत्री जी से विदेश नीति के बारे में सिर्फ एक ही बात कहना चाहता हूं कि भारत बंगलादेश और पाक तीनों भाई हैं। ये दोस्त नहीं भाई हैं। लड़ाई हो सकती है, लड़ाई हुई है; लेकिन दुनिया के दूसरे मुल्कों के मुकाबले में बंगलादेश, पाकिस्तान, भारत और नेपाल भाई हैं और एक हैं। दोस्ती हो सकती है रूस और अमरीका तथा दूसरे मुल्कों से। सवाल यह है कि भाई-भाई की लड़ाई, नफरत ने बंटवारा किया और अब एक भाई तरक्की करता है, तो दूसरा यह समझ बैठे कि वह लड़ेगा, यह बात संभव नहीं है। यह बात सही नहीं है। बात सही यह है कि एक भाई जब कमजोर होता है, जब उसके यहां दरिद्रता आती है, उसकी जलन दूसरे को होती है और जब दोनों दरिद्र होते हैं तो नकेल किसी तीसरे के हाथ में होती है, जिससे लड़ाई होती है। विदेश मंत्री जी ने कहा कि अब यह मुकाबला हमारा और पाकिस्तान का नहीं है। शर्म आती है, मुझे यह कहते हुए कि 70 करोड़ का देश है, एक और पांच का मुकाबला। हम डरते हैं, एक मुकाबले में पांच वाला कि उनके पास हथियार हैं। यह बात समझ में नहीं आती है। कौन अमरीका और कौन रूस। अगर गांधी जी की नीति पर चलना था तो शान्ति सेना बनानी थी, विश्व शान्ति के लिए, लेकिन शान्ति सेना नहीं है। चीन आपसे बाद में आजाद होने के बाद अपनी रक्षा के लिए हथियार खुद बनाता है, लेकिन आप विदेशों के दरवाजे खटखटाते हैं, कभी वाशिंगटन में प्रधान मंत्री जाती है तो कभी रूस। लड़ाई भारत और पाक की होती है, तो बन्धुआ मजदूरों की तरह से मास्को में बुलाकर हुकम दिया जाता है। यह कोई नीति नहीं है। अब भी आप संभलिए। अगर हमने फौजें रखनी थी तो हथियार बनाने थे, हमको आधुनिक हथियार बनाने थे। फ्रांस जैसे छोटे मुल्क के छोटे हथियारों, जगुआर या घटिया हथियार से मुकाबला नहीं हो सकता है। अगर पाकिस्तान को हथियार मिलते हैं तो आप के पास क्यों नहीं हैं? यह तो मार्केट है, दुकान है, आप भी खरीद सकते हैं, बना सकते हैं, लेकिन लड़ने के लिए नहीं, अपनी सुरक्षा के लिए।

**13 hrs.**

सवाल अफगानिस्तान का आता है—बशर साहब बोल रहे थे, दूसरे मुल्कों की नकल क्यों करते हैं। हिन्दुस्तान विश्व का बड़ा नेता हो चुका है, कहीं किसी संस्था का अध्यक्ष हो चुका है, तब फिर अफगानिस्तान में विदेशी फौजों को जायज करार देते हो? अगर शक्तिशाली हो, ठीक हो, तो रूस से दोस्ती का फायदा क्यों नहीं उठाते हो? कहते—अफगानिस्तान से मिलिट्री को हटा लो। मैं विदेश मंत्री जी से एक सवाल पूछना चाहता हूं—क्या आप में ऐसी शक्ति है जिस का उपयोग कर के आपने रूस को इस बात के लिये रजामन्द करने की कोशिश की हो कि वह अपनी फौज अफगानिस्तान से हटा ले? क्या आप ने पाकिस्तान को दोस्ती के नाते नजदीक लाने का कार्य किया? विदेशी ताकत हो या फौज हो उस का इस्तेमाल अफगानिस्तान में नहीं करना चाहिए—क्या आप ने कभी इस के लिये दबाव डाला? आप ने कभी ऐसा नहीं किया होता तो उस को यह कहने का हक नहीं रहता कि वहां पर फौजें रहेंगी। विदेश नीति इस तरह से नहीं चला करती हैं। अमरीका के लिये आप चाहे जो कहो, लेकिन वहां वोट का राज है, लेकिन इस में वोट का राज नहीं है। इंग्लैंड चाहे आप के हाकिम रहे हैं लेकिन वहां डेमोक्रेसी है, लेकिन रूस में डेमोक्रेसी नहीं है। आप की विदेश नीति तो एक झोला है—कभी इधर और कभी उधर। प्रधान मंत्री पिछले साल

अमरीका गई थी, अब फिर सुना है कि वे वाशिंगटन जा रही हैं। क्या यह सच है ?

उपाध्यक्ष महोदय, यह सारे राष्ट्र की बात है, यह मजाक से बोलने की बात नहीं है। सारे भारत के लोगों में न तो हमारे कर्म से शंका और भय हो कि युद्ध होना है और न पाकिस्तान की जनता के दिमाग में नफरत पैदा हो कि भारत में लड़ाई का वायुमंडल बनाया जा रहा है। हमारे दिमाग साफ होने चाहिए। अगर हमें अपनी रक्षा के लिये हथियार बन्द फौजें रखनी हैं तो हमें उन के लिये सब से पहले हथियार बनाने चाहिये। सब से पहले मन, फिर रोटी और तीसरे नम्बर पर हथियार आते हैं। बिलो-पावर्टी के लोग युद्ध की कल्पना करें—यह बात समझ में नहीं आती है। क्या आप अपनी शक्ति का उपयोग राजनीतिक ढंग से इस तरह से करेंगे कि युद्ध का प्रचार न करें। अमूमन ऐसा होता है और अखबारों में खबर छपती है— फलां चौकी पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया, सरहदों पर ऐसी छोटी-मोटी बातें होती रहती हैं, चीन का हवाई जहाज हमारी तरफ आ गया, सुब्रह्मणयम स्वामी चीन में ठहरा था—कौन सी बात की किस वक्त पब्लिसिटी की जाय या जनता के दिमाग को नफरत की तरफ ले जाया जाय, विदेश मंत्री को इस तरह के हालात को सुधारने की कोशिश करनी चाहिए। एक फेडरेशन बने और साझे रूप से तीनों मुल्क बंगलादेश, पाकिस्तान और भारत का डिफेन्स जो हो, वह इकट्ठा हो और अफगानिस्तान में जो रूसी फौज है, वह जो आप की विदेश नीति है, उसके बिल्कुल विपरीत है और शान्ति की नीति के मुताबिक नहीं है। भारत अपने असर और रसूक का इस्तेमाल करे, जिससे वह वहां से हटे और अमेरिका से डट कर इस बात को कहे कि यह काम हमारा है और अगर अफगानिस्तान के जरिये से पाकिस्तान पर रूस हमला करेगा, तो हम पाकिस्तान का बचाव करेंगे। कम से कम ऐसी नीति आप को बनानी होगी।

मैं यह बात भी विदेश मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या आप कोई ऐसी नीति बनायेंगे, जिससे ऐसा वायु-मण्डल बने कि भारत की धरती पर कोई ऐसा टकराव न हो। अंग्रेज लोग जो हैं, वे विश्व युद्ध भारत, पाक और बंगला देश में डालना चाहते हैं और वह गोरी चमड़ी वाले चाहते हैं कि एशिया में युद्ध हो। चाहे रूस हो या कोई और देश हो, इस तरह की बात यहां पर नहीं होनी चाहिए। आप को यह सब देखना होगा कि इस से भारत कैसे बच सकता है। ऐसी कोई नीति आप बनाएंगे, यह मैं जानना चाहता हूं।

**श्री पी० वी० नरसिंह राव** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं यही कहना चाहता हूं कि विदेश मंत्रालय इसी काम में लगा हुआ है कि युद्ध का वायु-मंडल न बने और दोस्ती का बने, स्नेह का बने और सहयोग का बने। तीन देश ही नहीं बल्कि 7 देशों के विदेश मंत्री अभी अभी यहां आए थे और हम लोगों ने इस बात पर चर्चा की कि किन-किन मामलों में हम एक दूसरे के साथ सहयोग कर सकते हैं। इस के बारे में एक प्रोग्राम भी बनाया है और उस प्रोग्राम का कार्यान्वियन भी होगा। अब सवाल इतना ही है कि इस के बावजूद हमें गाफिल नहीं रहना है और यह काम मेरा नहीं है, वह रक्षा मंत्री का है। हम दोनों अपने अपने काम में लगे हुए हैं। एक तरफ मैं अपना काम कर रहा हूं और दूसरी तरफ वे अपना काम कर रहे हैं दोनों का एक परस्पर सम्बन्ध है और दोनों को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता।

**श्री मनीराम बागड़ी** : अफगानिस्तान के बारे में आप ने नहीं बताया।

**श्री पी० वी० नरसिंह राव** : अकेले हम नहीं, 101 देशों का जो हमारा गुट-निरपेक्ष सम्मेलन हुआ था, उस में सब लोगों ने मिल कर एक प्रस्ताव किया और एक प्रोग्राम, एक फारमूला ऐसा बनाया, जिसके तहत रूस अफगानिस्तान से अपनी फौजें वापस ले जाए और

अफगानिस्तान पर जो हस्तक्षेप बाहर से होता है, जो इन्टरफियेरेन्स होता है, वह भी बन्द किया जा सके ।

**श्री मूल चन्द डागा** (पाली) : उपाध्यक्ष महोदय, जब कभी हमारे विदेश मंत्री जी उत्तर देते हैं, तो उन्हें एक बात बार-बार यह नहीं कहनी चाहिए कि यह काम मेरा है और दूसरा काम रक्षा मंत्री जी का है । दोनों का पूरा एक दूसरे से समन्वय होना चाहिए और दोनों एक दूसरे के पूरक हैं ।

सवाल यह है कि हम लोग दुनिया में लड़ाई नहीं चाहते हैं लेकिन जब हथियार जमा हो जाते हैं और हारपून मिसाइल जैसे खतरनाक हथियारों की जमाबन्दी होती रहती है, तो इस के पीछे कारण क्या है । सवाल यह नहीं है कि आप अपना उत्तर देते हैं कि हम ने अमेरिका के राष्ट्रपति से बात कर ली है लेकिन उस का आप को कोई जवाब नहीं मिला । हम ने यहां पर राजदूत को बात कह दी लेकिन इस प्रश्न का उत्तर नहीं मिला । जब उन के विदेश मंत्री यहां पर आए थे । तो उन से बात कर ली । कालिंग अटेंशन में विदेश मंत्री से हम यह स्पष्ट जानना चाहते हैं कि अमेरिका में आपका दूतावास जो काम करता है, उसमें क्या वह वहां की पार्लियामेंट के सामने भी जाता है जबकि यह मसला वहां जाता है और उसे बताता है कि हिन्दुस्तान के लोगों की सदा यही नीति रही है कि वे पंचशील में विश्वास करते हैं, हमने शिमला शमझौता किया है ? क्या हमारा दूतावास इतना कमजोर है, क्या हम इतने शक्तिशाली नहीं हैं कि अपने विचारों से अमेरिका को अवगत करा सकें या वहां की प्रबुद्ध जनता से इस बारे में बात कर सकें और उसे अवगत करा सकें कि हिन्दुस्तान एक शांतिप्रिय देश है और वह लड़ाई में विश्वास नहीं करता है ? क्या यह हमारी कमजोरी नहीं है, क्या इसे हमें अपनी कमजोरी नहीं मानना चाहिए ?

आपने कह दिया कि हमारे राजदूत ने गहरी चिंता व्यक्त की है । लेकिन ऐसा लगता है कि इस चिंता के पीछे कोई ताकत नहीं थी । अगर चिन्ता व्यक्त की तो उसका क्या रिपरकशन हुआ ? ठीक है कि रक्षा मंत्री ने अपनी सलाहकार समिति में कह दिया कि हम सभी चुनौतियों का सामना करेंगे और बहादुरी के साथ उनका मुकाबला करेंगे । हमारा डिफेंस का बजट भी सात अरब रुपये का हो गया है, यह सब ठीक है । किन्तु जब हम पाकिस्तान से लड़ाई नहीं करना चाहते हैं और हमने उसके साथ शिमला समझौता किया है तो फिर यह सब कैसे हो रहा है । पाकिस्तान के राष्ट्रपति जब मलेशिया जा रहे थे तो उन्होंने कहा था कि हम हिन्दुस्तान के साथ मित्रतापूर्ण सम्बन्ध रखना चाहते हैं । आपके यहां जब पाकिस्तान के विदेश मंत्री आते हैं तो आप उनसे भी बात करते हैं । फिर क्या कारण है कि ये हारपून जैसे मिसाइल्स लेने-देने की बात चलती है ?

क्या आप इस प्रकार की कोई कार्यवाही करेंगे कि आप अमेरिका की पार्लियामेंट, अमेरिका की कांग्रेस के लोगों को यह बात समझा सकें कि हमारे हिन्दुस्तान की नीति बराबर मित्रता की रही है, हम किसी से भी लड़ाई करना नहीं चाहते हैं और ये जो सारे हथियार आप देते हैं, ये किसी काम नहीं आते हैं ? आप यहां अपने जवाब में कह देते हैं कि भारत सरकार ने नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत से इस बारे में गहरी चिंता व्यक्त की है । आप कृपा कर इसका उत्तर दीजिए कि आपने जो गहरी चिन्ता व्यक्त की है और जो लिख कर व्यक्त की है उसका उन्होंने क्या उत्तर दिया है ? आपने अपनी चिन्ता से उनको अवगत करा दिया लेकिन उन्होंने आपको क्या उत्तर दिया ? अगर उन्होंने आपको कोई उत्तर दिया तो क्या उसके उत्तर में आपने उनको कोई उत्तर दिया या नहीं दिया ? एक बार आपके गहरी चिंता व्यक्त करने के बाद उस पर अमेरिका की क्या प्रति-

क्रिया हुई ? वह आप सदन के सामने रखें। क्या आपने अमेरिका की कांग्रेस के लोगों के सामने भी अपनी बात रखी ?

दूसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि हम गुटनिरपेक्ष देश हैं और पाकिस्तान भी गुट-निरपेक्ष है, क्या आपने गुट निरपेक्ष देशों के सामने यह बात रखी है ? आपके यहां विदेश मंत्री आते हैं और विदेश मंत्री भी विदेशों की यात्रा करते हैं। क्या इन यात्राओं के दौरान आपने इस बात को उठाया ? आप मेहरबानी कर के यहां यह बात स्पष्ट रूप में रखिये कि क्या आप यह बात उनके सामने स्पष्ट रूप से रख रहे हैं या नहीं ?

इस प्रकार से हथियार जमा होते रहते हैं और पाकिस्तान को बराबर अमेरिका हथियार देता रहता है और इसी तरह से यह बात चलती रहती है। यहां कालिंग अटेंशन आता है तो मंत्री महोदय कह देते हैं कि हम स्थिति को देख रहे हैं और बहादुरी के साथ उसका मुका-बला करने के लिए तैयार हैं। आप तैयारी तो कर रहे हैं लेकिन अमरीका द्वारा पाकिस्तान को जो हथियार बराबर दिए जा रहे हैं —उस पर रोक लगे, इसके बारे में समझाने के अलावा आप और क्या कर रहे हैं, यह आप हमें बताएं।

**श्री पी० वी० नरसिंह राव** : अभी अभी मैं कह रहा था कि यह जो वार्ता हमारी चलती रहती है उस में कभी हम यह कहते हैं कि आप हथियार न दीजिये तो वे कहते हैं कि ये हथियार आपके खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए नहीं, आप पर इनका प्रयोग नहीं होगा। हम उन से कहते हैं कि सिवाय हमारे और किसी पर इनका प्रयोग हो नहीं सकता। यह हम कहते जा रहे हैं। फिर भी वे कहते हैं कि पाकिस्तान हमारा मित्र देश है और उसको रूस से और अफगानिस्तान से खतरा बना हुआ है, इसलिए उसका हौसला बढ़ाने के लिये हम उसे हथियार दे रहे हैं। हम क्या इसका जवाब दें; इसीलिए मैं कह रहा हूं कि यह सवाल जवाब का सिल-सिला चलता रहता है लेकिन समाधान किसी का नहीं होता, सन्तोष किसी का नहीं होता। जब बात यहां तक पहुंच जाती है तो आगे और नहीं बढ़ पाती। हम अपनी बात कहते हैं, वे अपनी बात कहते हैं। वहीं यह बात समाप्त हो जाती है। वहीं इस वार्ता को समाप्त कर दिया जाता है। यह कई बार हुआ है। अब इसको दोहराना और बहुत ज्यादा इस में इजाफा नहीं करना है। हमारे कूटनीतिक कार्यक्रम चलते रहेंगे। हमारा राजदूत कांग्रेसमैन से मिलता है, उनसे कहता है, उनको समझाने की कोशिश करता है लेकिन इसके बावजूद उनकी नीतियां...नहीं बदलती है और वे अपनी नीति चलाते हैं। यह आज की परिस्थिति है। हमारा दूतावास कोई कमी नहीं छोड़ता है, उन्हें समझाने में। परन्तु जान बूझ कर भी कोई अनजान बनने की कोशिश करे तो इसका क्या इलाज है ? इसका तो इलाज यही है कि हम अपनी तैयारी में कमी न करें, आशा इस बात की रखें, कोशिश इस बात की करें हमेशा कि कोई लड़ाई न हो, मित्रता बनी रहे और उसको प्रगाढ़ बनाने के लिए जितना कर सकते हैं करते जाएं लेकिन जहां तक तैयारी का सम्बन्ध है, उस में कोई कमी न करें। इतना ही हो सकता है और यही कर रहे हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : The House stands adjourned to meet again at 2.15 p.m.

**13.18 hrs.**

*The Lok Sabha adjourned for lunch till fifteen minutes past Fourteen of the clock.*

———

*The Lok Sabha re-assembled after Lunch at twenty miniutes past Fourteen of the Clock.*

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

**MATTERS UNDER RUIE 377**

MR. DEPUTY SPEAKER : We now take up matters under rule 377.